दिन– रविवार दिनांक– 08 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को तिरेपन करोड़ पचहत्तर लाख रूपये का चेक सौंपा।

02. कृषि विभाग ने प्रदेश में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की तिथि ग्यारह फरवरी तक बढ़ायी।

03. राज्य के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को अब ऑनलाईन उपस्थिति के आधार पर मिलेगा वेतन। ई–शिक्षा कोष मोबाईल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना आवश्यक।

04. और, प्रदेश के एक सौ एक अनुमंडल पशु अस्पतालों में लगायी जायेगी एक्स–रे मशीन।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए तिरेपन करोड़ पचहत्तर लाख रूपये का चेक राज्य सरकार को सौंपा है। मध्य प्रदेश के सिहोर में चेक लेने के बाद कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि प्रदेश में दलहन उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। श्री यादव ने बताया कि बिहार की भौगोलिक और कृषि परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये अलग पैकेज की मांग की गई। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय स्तर का बीज केन्द्र और सौ प्रतिशत केन्द्रीय सहायता से उन्नत, अल्प अवधि और रोगरोधी बीज किसानों को उपलब्ध कराने की भी मांग की है। श्री यादव ने कहा कि अलगे पांच वर्षों में राज्य को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————————

केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि भारत–अमरीका व्यापार समझौते का पूरे देश में स्वागत हो रहा है। श्री सिंह कहा कि समझौते में किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। वे कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला मैदान में आयोजित पशु मेले के दूसरे दिन पशुपालकों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेले में प्रदर्शित पशुओं की विभिन्न नस्लें और कृषि उपकरण, साथ ही सरकार द्वारा प्रतियोगिताओं के माध्यम से दी जा रही पुरस्कार राशि, किसानों को पशुपालन अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि बिहार के छोटे शहरों का विकास होगा। केन्द्रीय बजट में इसके लिए कई प्रावधान किये गये हैं। पटना स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री रिजिजू ने कहा कि बजट में बारह लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि आधारभूत संरचना पर खर्च की जायेगी। जिसमें बिहार जैसे राज्य को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बौद्ध सर्किट, एमएसएमई और ग्रामीण क्षेत्र के विकास की योजना का लाभ भी बिहार को मिलेगा।

————————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जनगणना दो हजार सत्ताईस के अन्तर्गत सत्रह अप्रैल से एक मई तक ऑनलाईन माध्यम से स्व–गणना की व्यवस्था दी गयी है। इसके अन्तर्गत इच्छुक व्यक्ति पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री सिन्हा ने बताया कि इसके बाद दो मई से इकतीस मई तक मकानों की सूची बनायी जायेगी। उन्होंने लोगों से गणना कर्मियों को पूरी जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है।

————————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस वर्ष शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में तीन चरणों में विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान का पहला चरण कल से शुरू होगा, जो चौदह फरवरी तक चलेगा। वहीं, दूसरा चरण नौ मार्च से चौदह मार्च और तीसरा चरण सात अप्रैल से तेरह अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष खसरा और रूबेला के उन्नमूलन का भी लक्ष्य रखा गया है। वहीं, राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्नमूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ग्यारह फरवरी को एक मेगा अभियान चलायेगा। इसके अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर राज्य की लगभग एक करोड़ जीविका दीदी और उनके परिवार के लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाई जायेगी।

————————————————————————————————

कृषि विभाग ने प्रदेश में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की तिथि ग्यारह फरवरी तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि छह फरवरी निर्धारित थी। विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किय है। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य के तैंतालीस प्रतिशत किसानों का फार्मर आईडी तैयार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार

से विशेष केन्द्रीय सहायता– एससीए योजना की दूसरी किस्त लेने के लिए पचास प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरा करना अनिवार्य है।

———————————————————————

राज्य के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को अब ऑनलाईन उपस्थिति के अनुसार वेतन दिया जायेगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्द्र ने संवददाताओं से बातचीत में कहा कि शिक्षक ई–शिक्षा कोष मोबाईल एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जिसके आधार पर शिक्षकों को वेतन देने की कार्यवाही की जा रही है। इधर, शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के वेतन लम्बित रहने के कारण आठ जिला शिक्षा पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा है। इनमें पटना, सहरसा, औरंगाबाद, जमुई, बेगूसराय, गोपालगंज, जहानाबाद और कटिहार के जिला शिक्षा पदाधिकारी शामिल हैं।

———————————————————————

आयकर विभाग ने नये आयकर अधिनियम दो हजार पच्चीस के नियमों का मसौदा जारी कर दिया है। यह नया कानून एक अप्रैल से साठ साल पुराने उन्नीस सौ इकसठ के एक्ट की जगह लेगा। विभाग ने नियमों को बेहद सरल बनाते हुए पांच सौ ग्यारह नियमों को घटाकर तीन सौ तैंतीस और तीन सौ निन्यानवे फॉर्म्स को कम करके सिर्फ एक सौ नब्बे कर दिया है। विभाग ने इस संबंध में बाईस फरवरी तक आम जनता और विशेषज्ञों से राय मांगी है।

———————————————————————

राज्य के एक सौ एक अनुमंडल पशु अस्पतालों में एक्स–रे मशीन लगायी जायेगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से आठ करोड़ नब्बे लाख अट्ठाईस हजार रुपये की स्वीकृति दी गयी है। पशु और मत्स्य विभाग की ओर से कहा गया है कि पशुओं के इलाज में रोगों की वास्तविक पहचान के लिए एक्स–रे मशीन लगानी जरूरी थी। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डेयरी, भेड़, बकरी, मुर्गी और सूअर पालन गांवों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

———————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने उम्मीदवारों को बेहतर सहायता और मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए अपने कॉल सेंटर के कामकाज के घंटे बढ़ा दिए हैं। यूपीएससी ने एक बयान में कहा है कि सिविल सेवा परीक्षा – सीएसई दो हजार छब्बीस और भारतीय वन सेवा परीक्षा दो हजार छब्बीस के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक कॉल सेंटर शनिवार, रविवार और छुट्टियों सहित सभी दिन चालू रहेगा। यह सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक दो शिफ्टों में कार्य करेगा।

———————————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। दिन में धूप खिलने से मौसम सामान्य हो रहा है जबकि सुबह और शाम में ठंड का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार राज्य में पछुआ हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————

भारत ने टी–20 क्रिकेट विश्व कप के एक मुकाबले में अमरिका को उनतीस रनों से हरा दिया। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में खेले जा रहे सी.के. नायडू ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाईनल मुकाबले में बिहार ने नगालैंड के खिलाफ दो सौ चौहत्तर रनों की बड़ी बढ़त प्राप्त कर ली है। मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक नगालैंड ने दूसरी पारी में तिरेपन रन पर छह विकेट खो दिये हैं। बिहार ने पहली पारी में चार सौ बयासी रन बनाये थे।

———————————————————————————

पूर्णिया जिले के नगर थाना क्षेत्र के आर एन साह चौक पर सासंद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में छात्र जिला परिषद की ओर से मशाल जुलुस निकाला गया।

———————————————————————————

मधुबनी जिले में घने कोहरे के कारण आज अहले सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग सत्ताईस पर एक बस, ट्रेन से टकरा गयी। बस पर सवार कई यात्री घायल हो गए, जिसमें तीन यात्रियों की हालत गंभीर है।

———————————————————————————

झारखंड के कोडरमा से गायब दस बच्चों को पुलिस ने गयाजी से बरामद किया है। गयाजी स्थित चाईल्ड हेल्पलाईन के अनुसार बरामद बच्चों में से पांच को गयाजी और दो को औरंगाबाद के शेल्टर होम में रखा गया है। वहीं, तीन लड़कियों को नवादा के बालिका गृह में रखा गया है।

———————————————————————————

निगरानी की विशेष अदालत ने घूस लेने के आरोप में ग्रामीण कार्य विभाग के विशेष प्रमंडल नवादा के तत्कालीन कनीय अभियंता जय राम सिंह को एक साल के सश्रम कारावास के साथ बीस हजार रूपये अर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

——————————————————————————

कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के खजुरा गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

——————————————————————————

नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने शेखपुरा के कुसुंभा हॉल्ट पर नवादा शेखपुरा पटना पैसेंजर ट्रेन के ठहराव की शुरुआत की। इससे लोगों का पटना आना जाना आसान हो गया है।

——————————————————————————

खगड़िया जिला के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में रेलवे रैक पॉइंट के पास पुलिस ने छापेमारी कर पर एक सौ तीस ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

——————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर शौर्य सुमन ने जिले के साठी थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने लोगों की समस्यायें सुनी।

——————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के हवाले से लिखा है– सशक्त सदन से शासन में पारदर्शिता आयेगी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– अगले दो वर्षों में सभी गांवों में किया जायेग दुग्ध उत्पादन समिति का गठन।

दैनिक भास्कर लिखता है– तीन हजार फर्जी शिक्षकों से वेतन के चौदह सौ करोड़ रूपये वसूले जायेंगे। बारह हजार शिक्षक अब भी शिक्षा विभाग के रडार पर।

प्रभात खबर ने लिखा है– अमेरिका से बड़ी डील, चौवालीस अरब डॉलर के निर्यात पर कर खत्म। आई–फोन होगा सस्ता।

आज अखबार की सुर्खी है– पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव न्यायिक हिरसात में भेजे गये अस्पताल।

——————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को तिरेपन करोड़ पचहत्तर लाख रूपये का चेक सौंपा।

02. कृषि विभाग ने प्रदेश में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की तिथि ग्यारह फरवरी तक बढ़ायी।

03. राज्य के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को अब ऑनलाईन उपस्थिति के आधार पर मिलेगा वेतन। ई–शिक्षा कोष मोबाईल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना आवश्यक।

04. और, प्रदेश के एक सौ एक अनुमंडल पशु अस्पतालों में लगायी जायेगी पशु एक्स–रे मशीन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।